प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शिविर लगाकर वित्त मंत्री द्वारा 95 आवेदकों को चेक वितरित किये गए

शाहजहांपुर। डूडा कार्यालय ध् नगर निगम के समीप एक पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत एक विशाल ऋण वितरण शिविर का आयोजन बैंक ऑफ बड़ौदा के सौजन्य से किया गया । कार्यक्रम का उदघाटन उत्तर प्रदेश के केबिनेट मंत्री व वित्तमंत्री श्री सुरेश खन्ना जी के कर कमलों से किया गया । पीएम स्वनिधि योजना भारत सरकार की महत्त्वाकांशी योजना है जिसके अंतर्गत पटरी व रेडी, फेरी वालों को 10,000 का ऋण प्रदान किया जाना है । इसी क्रम मे बैंक ऑफ बड़ौदा ए क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एक विशाल केंप का आयोजन किया गया जिसमे बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख ए श्री मिहिर कुमार झा द्वारा शाहजहाँपुर के पटरी व रेडी ध् फेरी वालों को बैंक ऋण की त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लगभग 10 विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबन्धको को इस शिविर मे स्टॉल लगाकर मोके पर ही ऋण स्वीकृत किए गए। माननीय वित्तमंत्री जी ने बैंक ऑफ बड़ौदा के इस कार्यक्रम की सराहना की व निर्देश दिये की जिले मे इस योजना मे लंबित आवेदनो के त्वरित निस्तारण पर ज़ोर दिया । नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी सभी पटरी व

रेडी, फेरी वालों से अनुरोध किया कि वे इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाये। क्षेत्रीय प्रमुख मिहिर कुमार झा द्वारा यह बताया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा सदेव ही सामाजिक क्षेत्रीय हेतु तत्पर है । तथा उन्होने यह भी बताया कि शाहजहाँपुर क्षेत्र मे अब तक बैंक ऑफ बड़ौदा की विभिन्न शाखाओ के माध्यम से इस योजना के अंतर्गत सर्वाधिक ऋण वितरण किए जा चुके है और बैंक ऑफ बड़ौदा सरकार की विभिन्न योजनाओ को आम जनमानस तक पहुचाने हेतु प्रतिबद्ध है ।

अग्रणी जिला प्रबन्धक ए श्री चन्द्र शेखर जोशी ने अवगत कराया कि इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा लगभग 95 आवेदको को त्वरित ऋण स्वीकृत किया ।

कार्यक्रम मे नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन क्षेत्रीय प्रमुख बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख, मिहिर कुमार झा व अग्रणी जिला प्रबन्धक चन्द्र शेखर जोशी व प्रोजेक्ट डाइरेक्टर डुडा सतीश पाठक व बैंक प्रबन्धक मौजूद रहे ।